एक नजर

हेमा रेंज में आग

महू। शुक्रवार दोपहर भाटखेड़ी स्थित आर्मी फायरिंग रेंज में आग लगने की खबर से हड़कंप मच गया, मौके पर सेना व फेर बोर्ड की दमकलों ने पहुंकर आग पर काबू पाया, हालांकि इससे कोई नुकसान नहीं हुआ है। शुक्रवार दोपहर सेना की हेमा रेंज में खुले मैदान की घास ने अचानक आग पकड़ ली, देखते ही देखते आग की लपटें और धुआ दूर तक दिखाई देने लगा, मौके पर पहुंची दमकलों ने आग पर काबू पाया। हालांकि सेना ने इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी।

उर्मिला कोठारी का निधन

कन्नौद। नगर की समाजसेवी उर्मिला कोठारी का गुरूवार को निधन हो गया।



वे भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. मोहन कोठारी की धर्मपत्नी थी। गुरूवार को श्मशान में समाजजनों एवं नागरिकों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि दी।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बच्चों को दवाई खिलाते हुए।

जांच करते हुए यूनिसेफ टीम की सदस्य व मध्यभारत अस्पताल के डॉक्टर।

राष्ट्रीय कृमि दिवस

बच्चों को खिलाई कृमिनाशक दवाई

महू। राष्ट्रीय कृमि दिवस के अवसर पर महू क्षेत्र की सभी 90 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर 1 से 5 वर्ष तक के बच्चों को कृमि नाशक दवाई खिलाई गई। इसका निरीक्षण करने के लिए इंदौर संभाग यूनिसेफ टीम के कॉर्डिनेटर व महू मध्यभारत अस्पताल के डॉक्टर दो आंगनवाड़ी केन्द्रों पर निरीक्षण करने भी पहुंचे।

एकीकृत बाल विकास महू छावनी परियोजना अधिकारी रेखा रघुवंशी शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि दिवस के अवसर पर महू छावनी की सभी 90 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर कृमि नाशक दवाईयां दी गई और यह दवाई सभी आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने 1 से पांच वर्ष तक के बच्चों को पानी के साथ खिलाई। शर्मा ने यह भी बताया कि 1 से 3 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली खिलाई गई तथा 3 से 5 वर्ष तक के बच्चों को एक पूरी गोली खिलाई गई। वहीं इसका निरीक्षण करने इंदौर संभाग यूनिसेफ टीम की संतोष पाल के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के महू मध्यभारत अस्पताल के हेमंत कांबले वैद्य कॉलोनी हैल्थ कार्यकर्ता ज्योति यादव ने बच्चों को दवाई का सेवन करवाया। जिसके बाद निरीक्षण टीम हैदराबादी बस्ती पहुंची यह पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जसविंदर कौशल ने बच्चों को दवाई का सेवन करवाया। वहीं परियोजना अधिकारी शर्मा ने यह भी बताया कि महू छावनी को 6 हजार गोलियां दी गई तथा यह गोलिया 1 से 19 वर्ष तक के लिए है, लेकिन आंगनवाड़ी के माध्यम से 1 से पांच वर्ष तक बच्चों को खिलाई जा सकती है, क्योंकि आंगनवाड़ी में पांच वर्ष तक आयू के ही बच्चे आते है।

लूट के आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

25 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया

कन्नौद। खातेगांव नगर में करीब 9 वर्ष पहले व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना के मामले में एक आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25 हजार रूपए अर्थदंड की सजा कोर्ट द्वारा शुक्रवार को सुनाई गई। उल्लेखनीय है कि इसी मामले में अन्य आरोपियों को 20 जनवरी 2016 में सजा दी जा चुकी है।

अपर सत्र न्यायाधीश नीना आशापुरे द्वारा आरोपी सिराज शाह पिता जब्बार शाह उम्र 28 वर्ष निवासी हरदा को फरियादी मनीष बज निवासी खातेगांव से तीन लाख रूपए लूट के अपराध धारा 392 भादवि में दोषी पाते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। घटना इस प्रकार है कि दिनांक 15.01.2009 को फरियादी मनीष बज बैंक से तीन लाख रूपए निकालकर बेग में रखकर मोटर बाइक से कृषि उपज मंडी खातेगांव जा रहा था। जब वह मंडी गेट के पास पहुंचा तभी आरोपियों ने आकर फरियादी की मोटर बाइक रोकी और उसकी पीठ पर पिस्टल लगाकर उससे रूपए लूटने की कोशिश की। आसपास के लोग आने लगे तो आरोपियों ने फायर किया और चार लोग रूपयों का बेग छुड़ाकर मोटर बाइक से कन्नौद की तरफ भाग गए। फरियादी व अन्य लोगों ने उनका पीछा किया लेकिन वे भाग गए।

फरियादी मनीष बज द्वारा खातेगांव थाने पर जाकर घटना की रिपोर्ट लिखवाई। पुलिस द्वारा आरोपी सिराज शाह, महेन्द्र, राजा उर्फ अब्दुल मजीद तथा शाहीद अली को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया गया था। आरोपी सिराज शाह प्रकरण के विचारण के दौरान फरार हो गया। तथा अन्य आरोपियों को विचारण के उपरांत दिनांक 20.1.2016 को दोषी ठहराया गया था। आरोपी सिराज शाह के पुनः गिरफ्तार होने पर विचारण के उपरांत न्यायालय द्वारा आरोपी सिराज शाह को आज दिनांक 9.2.2018 को फरियादी मनीष बज के साथ लूट के अपराध में दोषी पाते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड जमा न करने पर दो वर्ष के अतिरिक्त सश्रम कारावास प्रथक से भुगताया जाए। शासन की ओर से शासकीय अभिभाषक दिनेशचंद्र तिवारी ने पैरवी की। कोर्ट मोहर्रिर आरक्षक अशोक शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

कन्नौद छात्र को प्रमाण-पत्र देते हुए अतिथि

हमारा देश युवाओ का देश हैं, युवा ही राष्ट्र निमार्ता है : विधायक शर्मा

कन्नौद। शासकीय महाविद्यालय मे तीन दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन का कार्यक्रम शुक्रवार को सपंन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक आशीष शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश युवाओ का देश हैं। युवा ही राष्ट्र निमार्ता है। युवा ही देश का भविष्य है। आज हमारा देश युवाओ के कारण ही विश्व मे सबसे आगे है। छात्र-छात्राओ को स्वरोजगार योजनाओ के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि स्वरोजगार से जुड़ें एवं आगे बड़ें। साथ ही स्वच्छता अभियान से भी जुड़ें। यह सबका दायित्व है।विशेष अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष संजय जोशी ने कहा कि छात्रो को गतिविधियो मे उत्साहपूर्वक भाग लेना चाहिए। इससे व्यक्तित्व का विकास होता हैं। विशेष अतिथि मंडल अध्यक्ष राधेश्याम जाट ने कहा कि विद्यार्थी ही राष्ट्र निमार्ता है। प्राचार्य डॉ. छाप्पी वर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया। समस्त अतिथियो द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता मे जिंतता छात्र-छात्राओ को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस दौरान नप अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, भागरुमो मंडलाध्यक्ष महेश परमार, अशोक सोनी, राजेश बैरागी, अमन बाथरे, दिव्यासिंह सिसौदिया, मायाश्री बाकलीवाल आदि उपस्थित थे। संचालन डॉ. मालिनी जायसन ने किया। आभार छात्र संघ प्रभारी प्रो. वीएस पटेल ने माना।

फेसबुक पर विधायक के संबंध में की गलत टिप्पणी

आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई के लिए सौंपा आवेदन

कन्नौद। फेसबुक पर विधायक आशीष शर्मा के संबंध में सुनील जाट नामक व्यक्ति द्वारा गलत टिप्पणी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरूवार रात को थाने पर विरोध दर्ज कराते हुए आरोपी व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के लिए एक आवेदन सौंपा।

आवेदन में बताया कि राजकुमार वर्मा की फेसबुक आईडी पर विधायक आशीष शर्मा के संबंध में सुनील जाट निवासी हाटपिपल्या फेसबुक पर दिखाया गया है। टिप्पणी से सभी भाजपा कार्यकर्ता आहत है। आवेदन सौंपते समय नप अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम जाट, भारत शर्मा, अनोखी चैहान, मदन चैहान, अय्युब बाबा, राधू खत्री, नरेन्द्र साहू आदि कार्यकताओं ने आक्रोश व्यक्त कर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की।

''फेसबुक पर एक व्यक्ति द्वारा विधायक के संबंध में गलत टिप्पणी से संबंधित आवेदन भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा थाने पर दिया गया है। आवेदन के आधार पर मामले में जांच चल रही है। संभवतः कल शाम शनिवार तक जांच पूरी कर ली जाएगी।''

विश्वदीपसिंह परिहार, टीआई, पुलिस थाना, कन्नौद

संजय जलाशय में मिली युवक की लाश

पीथमपुर नगर के संजय जलाशय में गुरूवार को दोपहर में एक युवक की लाश मिली। लाश मिलने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फेल गई।समझ नही आ रहा था हत्या है या आत्महत्या।सुचना पर पहुची

पुलिस ने लाष को पोस्टमार्टम के लिए पास के सरकारी अस्पताल पहुचाया। पुलिस ने बताया की आशिष बौद्व पिता सदाशिव बौद्व उम्र 22 वर्ष निवासी अग्रवाल कालोनी की लाष गुरूवार दोपहर को मिली थी। लाष्श को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया था।पोस्टमार्टम में पता की युवक ने आत्महत्या की है।पुलिस ने शव को परिजनो को सौप दिया।

नि:शुल्क होम्योपैथीक चिकित्सा शिविर सम्पन्न

पीथमपुर। शुक्रवार को आंगनवाडी केन्द्र अग्रवाल कालोनी पीथमपुर में नि:शुल्क होम्योपैथीक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।आंगनवाडी केन्द्र पर 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस-ष के तहत कृमिनाशक दवाई भी वितरित की गई।होम्योपेथीक चिकित्सा अधिकारी डा. राकेश सोलंकी ने बताया की शिविर में कुल 92 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर होम्योपेथीक दवाईयॉ वितरित की गई।शिविर में वार्ड 2 के पार्षद रंजिता दीपक बिरला एवं वार्ड 3 के पार्षद लीलाबाई कालुसिंह गाम्र्र भी उपस्थित थे।डा. सोलंकी ने बताया कि शिविर में एएनएम माया गिरवाल,त्वाराज,विजय पटेरे,आंगनवाडी कार्यकर्ता माया मुकाती,ज्योति राठौर आदि का भी सराहनीय सहयोग रहा।

हंसराज पटेल बने नपा के द्वितीय नागरिक

पीथमपुर में नगर पालिका उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा मारी बाजी

भाजपा को 22,कांग्रेस को मिले 10 वोट,जीत के बाद हुई जमकर अतिशबाजी

पीथमपुर। नगर पालिका उपाध्यक्ष के चुनाव मे भाजपा ने मारी बाजी।भाजपा ने हंसराज पटेल व कांग्रेस से लीलाबाई महेश पथरिया उपाध्यक्ष चुनाव के लिए आमने-सामने हुए।जिसमें भाजपा के हंसराज पटेल को 22 वोट व लीलाबाई महेश पथरिया को 10 वोट मिले।इसके तहत भाजपा के हंसराज पटेल उपाध्यक्ष पद पर बाजी मारी।

अध्यक्ष के बाद भाजपा की उपाध्यक्ष की जीत तय मानी जा रही थी।लेकिन उलटफेर के लिए कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी को मैदान में उतारा।उपाध्यक्ष पद के लिए 11 बजे से प्रक्रिया शुरू हुई।लगा की भाजपा में दो प्रत्याशी उपाध्यक्ष के लिए मैदान में उतरेगे।लेकिन ऐसा नही हुआ भाजपा ने हंसराज पटेल व कांग्रेस ने लीलाबाई महेश पथरिया को मैदान में उतारा।मुकाबला भाजपा के पक्ष ही था क्योकी भाजपा के पार्षद काफी ज्यादा थे।करिब 2:30 बजे मतदान शुरू हुआ व इसके 15 मिनट बाद मतगणना शुरू हुई,जिसमे भाजपा को 22 व कांग्रेस को 10 वोट मिले।अतिरिक्त कलेक्टर डीएस ठाकरे ने अपना फैसला सुनाते हुए भाजपा को जीत दी।

कांग्रेस को मिला 1 वोट ज्यादा- भाजपा का एक वोट कांग्रेस के खाते में गया।भाजपा के 22 पार्षद थे व अध्यक्ष सहित 23 वोट की उम्मीद भाजपा को थी।व कांग्रेस के 9 पार्षद थे।लेकिन भाजपा को 22 वोट व कांग्रेस को 10 वोट मिले।इससे साफ है की भाजपा का एक वोट कांग्रेस के पक्ष में गया।हालांकी इसका कुछ भी फायदा कांग्रेस को नही हुआ,लेकिन कांग्रेस का वोट जरूर बढ गया।

जीत के जमकर अतिशबाजी- मतगणना केंद्र से जैसे ही भाजपा प्रत्याशी हंसराज पटेल की जीत का रिलाह हुआ।बाहर भाजपाईयो ने जमकर अतिशबाजी कर उनका स्वागत किया।हसराज पगधार विजय जुलूस निकाला गया।जो नगर पालिका से होकर भाजपा कार्यालय पहुचा।भाजपा कार्यालय पर भी उनका जोरदार स्वागत हुआ।

विकास की बधाइयो गगा- जीत के बाद इस प्रतिनिधी से वार्ड में हंसराज पटेल ने कहा की जनता ने भाजपा पर विश्वास जताया है।हा उस विश्वास पर खरा उतरेगे।व पूरे क्षेत्र में विकास की गंगा बहाएगे।उन्होने भाजपा के सभी पार्षदो का आभार माना।

विधायक व अध्यक्ष ने दी बधाई- हंसराज पटेल की जीत पर रऊने धार विधायक नीना वर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष कविता पैथाल ने बधाई दी।इसके अलावा उन्हे भाजपा नेता संजय पैथाल,सांसद प्रतिनिधी अमृत जैन,पूर्व नपा उपाध्यक्ष देवेंद्र पटेल,प्रकाश धाकड़,उमेश गुप्ता,सुभाष जायसवाल,गिरधारी पटेल,विमल जैन,नीलेश पैथाल,पिंकी शर्मा,किशोर दईया,अवध ठाकुर,राज पटेल,आदी ने बधाई दी।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम अर्हम पिता नितिन बंडी था, जो कि मेरे पासपोर्ट में अंकित है। जो बदलकर अब मेरा नाम अर्हम बंडी पिता नितिन बंडी हो गया है, जो कि मेरे आधार कार्ड, शैक्षणिक दस्तावेज में अंकित है। अतः मुझे इसी नाम से नाम से जाना व पहचाना जावे।

अर्हम बंडी पिता नितिन बंडी
पता 51, अहिल्या माता कॉलोनी, रानी सती गेट के अन्दर, इंदौर (मप्र)

देश का प्रथम चैत्रमासी कैलेंडर का लोकार्पण

महू। साल भर मनाए जाने वाले तीज त्यौहारों पर अब तिथियों की घटबढ़ एवं भ्रम की स्थिति नहीं रहेगी, तिथियों और सूर्योदय, चंद्रोदय एवं आदि खगोलीय घटनाओं के बाद कई बार असमंजस की स्थिति बन जाती हैं, और उसका असर होता है, हमारे तीज त्यौहारों पर। ताजा मामला शिवरात्रि पर्व का हैं, जिसे लेकर भी विद्वानों के अलग - अलग मत हैं, लिहाजा कई स्थानों पर महाशिवरात्रि 13 तो अनेक स्थानों पर 14 फरवरी को मनाई जाएगी। यह बात पत्रकारों के बीच नए कैलेंडर और पंचाग प्रकाशक और मुद्रक संस्थान ने रखी और नए कैलेंडर राष्ट्रीय निर्णय सागर को लेकर रोचक जानकारियां दी। स्थानीय वैष्णव स्कूल परिसर में आयोजित सादे किंतु गरिमामयी कैलेंडर लोकार्पण कार्यक्रम समाजसेवी मोहनलाल शर्मा, जगननाथ किताबवाले व बोर्ड उपाध्यक्ष रचना विजयवर्गीय की उपस्थिति में किया गया। इस पंचाग और कैलेंडर की जानकारी प्रकाशक ब्रजकिशोर अग्रवाल व मुद्रक रामनारायण मित्तल ने देते हुए बताया कि इस चेत्र मासी कैलेंडर के रचयिता, विद्वान और प्रकाशक एवं मुद्रक ने बताया कि केलेंडर को चेत्र प्रतिपदा से प्रारंभ कर फागुन मास की पूर्णिमा तक अधिक मास सहित 13 माह का बनाया गया है। इसके प्रकाशन के पूर्व हिंदू तीज त्यौहार की एक तिथि एक पर्व की पूर्ण जानकारियां एकत्रित कर विषय से सबंधित विद्वानों से गहन विचार विमर्श एवं सूक्ष्मता से विश्लेषण किया गया है। इससे भावी पीढ़ी अंग्रेजी तारीखों के साथ हिंदी तिथि मिति को भी आसानी से समझ सके व भ्रम की स्थिति दूर हो, इस कैलेंडर में तिथियों की जानकारी सुगमता से देखी जा सकेगी इसके लिए अंग्रेजी तारीखों का समायोजन भी किया गया है। कलेंडर प्रकाशन में मुख्य रूप से पंडित राजेश चोबे इंदौर, पंडित राजेश शास्त्री गोपाल मंदिर, पंडित रामखिलाड़ी शर्मा आनंदबिहारी मंदिर व पंडित सुरेश शर्मा मुरली मनोहर मंदिर का विशेष सहयोग रहा।

भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र (इन्दौर)

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना क्रमांक : राराप्रप्रौकें/सी एंड एस/सी/1976/17-18/सामग्री-03 दिनांक : 01/02/2018

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य अभियंता, निर्माण एवं सेवा प्रभाग, राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र, डाकघर केंद्र, इन्दौर - 452013 द्वारा अर्हकारी निविदाकारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दो भाग ए - तकनीकी निविदा" एवं "भाग बी - वित्तीय निविदा" मानक दर निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम : राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र, इन्दौर के लिए आरएईडी ब्लॉक-आई के आसपास चेन लिंक बाड़ लगाने का निर्माण।

अनुमानित लागत : Rs. 9.95 लाख, बयाना राशि : Rs. 19,900.00/-, कार्य की अवधि : 04 माह, निविदा प्रोसेसिंग शुल्क : Rs. 587/- मात्र

विस्तृत निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड की सुविधा वेबसाइट www.tenderwizard.com/DAE पर दिनांक 08.02.2018 को 10.00 बजे से 20.02.2018 को 17.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। निविदा पूर्व मध्यकारण : नए निविदा 22.00 बजे दिनांक 15.02.2018 तक आमंत्रित/ऑनलाइन जमा की जा सकेगी। भौतिक रूप से बयाना राशि 27.02.2018 को 09.00 बजे से 28.02.2018 को 15.15 बजे तक जमा की जा सकेगी। तकनीकी निविदा, दिनांक 28.02.2018 को 15.30 बजे अभिसरण तरीके से खोला जाएगा। वित्तीय निविदा की खोलने की तिथि उन निविदाकारों को बाद में सूचित की जाएगी जिनके दस्तावेज सही पाए गए हैं। विस्तृत निविदा सूचना देखने एवं डाउनलोड करने हेतु वेबसाइट www.rrcat.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

पीडीएम निविदा दस्तावेजों को निशुल्क देखने के उपरान्त इच्छुक निविदाकारः तकनीकी एवं वित्तीय भागों को एकमेल फॉर्मेट का प्रयोग कर निविदा प्रक्रिया में मुहर (ID, युग्म शमाक एवं एतीय बैंगी डिजिटल हस्ताक्षर स्थापना का उपयोग कर निविदा को चिह्नक को अंतिम तिथि तक भरा जो सकेंगे लेकिन इस हेतु उन्हें एकीकरण करवाना होगा जिसके लिए 08602465460 अथवा ईमेल : twhelpdesk777@gmail.com से सहायता / स्पष्टीकरण हेतु संपर्क कर सकते हैं।

मुख्य अभियंता : राराप्रप्रौकें

FLUIDOMAT LIMITED
Regd. Office: 117, 1st Floor, Navneet Darshan 16/2, Old Palasia, INDORE (M.P.) 452018
CIN : L74210MP1978PLC001452
Website: www.fluidomat.com Email: info@fluidomat.com Tel.no. : 91-731-2564820
EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED DECEMBER 31, 2017
(Rupees in Lakhs except EPS)

SR. No.	Particulars	Quarter Ended 31.12.2017 Unaudited	Quarter Ended 31.12.2016 Unaudited	Year to date 31.12.2017 Unaudited
1	Total Income from Operations	465.45	631.28	1657.14
2	Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	33.83	88.48	202.09
3	Net Profit/ (Loss) for the period before Tax, (after Exceptional and/or Extraordinary items)	33.83	88.48	202.09
4	Net Profit/ (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	16.38	57.41	144.32
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after Tax) and other comprehensive Income (after tax)	16.38	57.41	144.32
6	Equity Share Capital (Face value of Rs. 10/-)	492.70	492.70	492.70
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year.	-	-	-
8	Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) -			
	1. Basic:	0.33	1.17	2.93
	2. Diluted:	0.33	1.17	2.93

Notes:
The above is an extract of the detailed format of quarterly/annual Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirments) Regulation, 2015. The full format of the Quarterly/ Annual Financial Results are available on the Stock Exchange website www.bseindia.com and on the company website (www.fluidomat.com)

For and on behalf of the Board of Directors
(ASHOK JAIN)
Chairman and Managing Director
DIN : 00007813

Place : Indore
Dated : 09.02.2018

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम हेमंत खण्डेलवाल है तथा यही नाम मेरे समस्त शासकीय दस्तावेजों में दर्ज है, परंतु मेरी बोर्ड ऑफ सेकेण्ड्री एजुकेशन, मध्यप्रदेश भोपाल की वर्ष 1975 की मार्कशीट में मेरा नाम हेमंत दर्ज है। इसे हेमंत खण्डेलवाल ही पढ़ा व समझा जावे। सो सूचित होवे। इन्दौर, दि. 09.02.2018

हेमंत पिता नंदकिशोर खण्डेलवाल
78, आशीष नगर, इन्दौर, मो. 98260-37434

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम कुणाल किशोर खानपुरकर पिता किशोर विनायक खानपुरकर था। जो अब परिवर्तित होकर कुणाल खानपुरकर पिता किशोर खानपुरकर हो गया है। अतः अब भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जावे।

कुणाल खानपुरकर
पिता किशोर खानपुरकर
फ्लैट 106, मिलन ड्रीम, श्रीजी कैलो, बिचौली मर्दाना, इन्दौर-452 016 (म.प्र.)

MEDI-CAPS LTD.
Regd. Office: Mhow-Neemuch Road, Pithampur - 454775, Distt. Dhar (M.P.)
Email: investors@medicaps.com Phone: 07292-424242, Fax: 07292-407387 | CIN: L24232MP1983PLC002231
EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 31st DECEMBER, 2017

PARTICULARS	Quarter ended 31/12/2017) (Unaudited)	Year to date 31/12/2017 (Unaudited)	Corresponding 6 months ended in PY 13/12/2016 (Unaudited)
Total income from operations (net)	607.69	1741.96	1792.39
Net Profit / (Loss) for the period (before Tax Exceptional and/or Extraordinary items)	17.04	47.38	127.10
Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	17.04	47.38	127.10
Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	13.04	35.38	97.10
Total Comprehensive Income for the period [Comprising profit/ (loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)]	0.00	0.00	0.00
Equity Share Capital	1246.99	1246.99	1246.99
Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year)	-	-	-
Earnings Per Share (before extraordinary items) (of ₹10 each) Basic:	0.10	0.28	0.77
Diluted:	0.10	0.28	0.77

(₹ in Lakhs except EPS)

Note: 1. The above is an extract of the detailed format of Annual Financial Results filed with the BSE under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. 2. The Company adopted Indian Accounting Standards ("IND AS") from 01.04.2017 and accordingly these financial results have been prepared in accordance with the recognition and measurement principles laid down in the IND AS 34 Interim Financial Reporting" prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with the relevant rules made thereunder. 3. The full format of the Unaudited Standalone Quarterly Financial Results is available on the Stock Exchange Website: http://www.bseindia.com/stock-share-price/medi-caps-ltd/medicaps/523144/ &on Company's website: http://www.medicaps.com/financial.html.

For MEDI-CAPS LIMITED
Alok K. Garg
Managing Director
DIN - 00274321

Place : Pithampur
Date : 09.02.2018

ANIL PUB.

Ranjit SECURITIES LTD.
CIN : L67120MP1994PLC008680
Regd. Off. : 317-318, Transport Nagar, Scheme No. 44, INDORE-14 (M.P.)
Phone : 0731-4058447, 4293747, Fax : 0731-2366558
Website: www.ranjitsecurities.com, Email: compliance@ranjitsecurities.com

Extract of Standalone Unaudited Financial Results of the Company for the Quarter ended 31st December, 2017
(₹ in Ten Lacs)

Particulars	Quarter ending (31.12.2017)	Quarter ending (30.09.2017)	3 Months ended in the previous year (31.12.2016)
	Un-audited	Un-audited	Un-audited
Total income from operations (net)	0.382	0.563	1.238
Net Profit / (Loss) for the period (before tax, Exceptional Items)	0.165	0.037	0.934
Net Profit / (Loss) for the period (after Exceptional Items)	0.165	0.037	0.934
Net Profit / (Loss) for the period after tax	0.114	0.026	0.645
Equity Share Capital	26.874	26.874	26.874
Earnings Per Share (after extraordinary items) (not annualized*) Basic :			0.024
Diluted:			0.024

Note: The above is an extract of the detailed format of Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure requirements) Regulations, 2015. Investors can view full format of the Quarterly Financial Results of the company on the company's website (www.ranjitsecurities.com) or on the website of BSE (www.bseindia.com)

For Ranjit Securities Limited
Sd/-
Taranjeet Singh Hora
Managing Director
DIN : 00200864

Date : 09.02.2018
Place : INDORE

VIGILANCE